# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 24.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1-रूपयों के लेन-देन को लेकर मारपीट,गाली-गलौज व पथराव करने का एक और आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-



अवगत कराना है कि दिनांक 13.10.2024 को उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना कटघर द्वारा दो पक्षों के मध्य जुए-सट्टे में रूपये के लेन-देन को लेकर कहासुनी व मारपीट,ईट-पत्थर फैंकने आदि के सम्बन्ध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-596/2024,धारा-191(2),191(3),190,115(2),352,351(3),125,324(2) बीएनएस व धारा 07 आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 1932 पंजीकृत कराया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त दिनांक 23.10.2024 की रात्रि को व0उ0नि0 श्री सतेन्द्र कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी पप्पू पुत्र मौ0 इस्लाम निवासी चूडियों वाली गली गुलाबबाड़ी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को एक छूरा सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। मुकदमा उपरोक्त में पूर्व में 05 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## 2-दहेज के लिये महिला को प्रताड़ित कर,फंदा लगाकर मार देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना कांठः-



अवगत कराना है दिनांक 23.10.2024 को वादी निवासी थाना कांठ क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा अपनी पत्नी को दहेज की मांग करते हुये प्रताड़ित करने तथा फंदा लगाकर मार देने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0-415/24 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि0 थाना कांठ जनपद मुरादाबाद पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 24.10.2024 को उ0नि0 श्री सुमित कुमार थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आऱोपी सतीश पुत्र शंकर सिंह निवासी ग्राम मिश्रीपुर थाना काँठ जनपपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

### 3.अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 03 आरोपीगण गिरफ्तार,थाना मझोलाः-



अवगत कराना है आज दिनांक 24.10.2024 को उ0नि0 श्री योगेश कुमार थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी गण 1.पवन यादव पुत्र श्री दुर्वेशचन्द यादव निवासी मौहल्ला दुर्गा कालोनी थाना हयातनगर,सम्भल 2. हिमाँशु उर्फ मुन्ना पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी काशीरामनगर थाना मझोला,मुरादाबाद 3. हर्ष कुमार पुत्र जितेन्द्र निवासी मौहल्ला रामलीला मैदान थाना हयात नगर,सम्भल को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पवन यादव उपरोक्त से 07 जिन्दा कारतूस 315 बोर ,अभियुक्त हिमाँशु उर्फ मुन्ना उपरोक्त से 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 06 जिन्दा कारतूस 315 बोर व अभियुक्त हिमाँशु उर्फ मुन्ना उपरोक्त से 07 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। उक्त संबंध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0-0970/2024 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

### 4.जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 05 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 24.10.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे 04 आरोपी गण तथा थाना भोजपुर पुलिस द्वारा 01 आरोपी को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### विवरण निम्नवत हैः-



1. मो0फारूख पुत्र मो0 मिया निवासी ग्राम दीवान वाजार थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद
2. जमीर पुत्र हाजी छिद्दन निवासी टमटम वाली गली थाना मुगलपुरा,
3. शकील पुत्र रहीश निवासी जामा मस्जिद पार्क के सामने गली थाना मुगलपुरा
4. दिनेश पुत्र हरद्वारी निवासी भदौरा निकट धर्मा मंदिर थाना कटघर,मुरादाबाद
5. शमशाद पुत्र मुस्ताक हुसैन निवासी ग्राम धारक नंगला थाना भोजपुर,मुरादाबाद

## 5. थाना मझोला पुलिस द्वारा चोरी करने वाले 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर, कब्जे चोरी किये 01 एम्पलीफायर, 03 परफ्यूम की शीशी , 10 जीन्स व 15 शर्ट सहित व 02 अवैध चाकूओ को किया गया बरामद।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 24.10.2024 को वादी श्री अर्पित दक्ष पुत्र श्री सुरेश चन्द्र दक्ष निवासी मोहल्ला लक्ष्मणपुरी लाईनपार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 23.10.2024 की रात्रि को थाना मझोला क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर स्थित दक्ष फैशन नाम से, कपडो की दुकान से 01 एम्पलीफायर, 03 परफ्यूम की शीशी , 10 जीन्स व 15 शर्ट आदि चोरी कर ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर दिनांक मु0अ0सं0 969/24 धारा 305 बीएनएस बनाम अभय सागर आदि 02 अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के नेतृत्व व पर्यवेक्षण में टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा आज दिनांक 24.10.2024 को मुकदमा उपरोक्त मे नामजद अभियुक्तगण 1. अभय सागर पुत्र स्व0 सुरेश सिहं निवासी बसन्त विहार कालोनी थाना मझौला जनपद मुरादाबाद 2. मयंक गुप्ता पुत्र नवल किशोर निवासी गोविन्द नगर नियर राम कैलाश की चक्की थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को 02 अवैध चाकूओं सहित गिरफ्तार किया गया,अभियुक्तगण की निशांदेही पर चोरी किये 01 एम्पलीफायर, 03 परफ्यूम की शीशी , 10 जीन्स व 15 शर्ट बरामद की गयी है। बरामदगी व साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा- 317(2) बीएनएस व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी है।



### गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1. अभय सागर पुत्र स्व0 सुरेश सिहं निवासी बसन्त विहार कालोनी थाना मझौला जनपद मुरादाबाद
2. मयंक गुप्ता पुत्र नवल किशोर निवासी गोविन्द नगर,नियर राम कैलाश की चक्की थाना कटघर मुरादाबाद

### आपराधिक इतिहास - अभय सागर पुत्र स्व0 सुरेश सिहं

1. मु0अ0सं0 969/24 धारा 305/317(2) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मझोला जनपद मुरादाबाद
2. मु0अ0सं0 543/22 धारा 401 भादवि थाना मझोला जनपद मुरादाबाद
3. मु0अ0सं0 222/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाइन्स जनपद मुरादाबाद

### आपराधिक इतिहास - मयंक गुप्ता पुत्र नवल किशोर

1. मु0अ0सं0 969/24 धारा 305/317(2) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मझोला जनपद मुरादाबाद
2. मु0अ0सं0 808/17 धारा 392/411 भादवि थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
3. मु0अ0सं0 811/17 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

4. मु0अ0सं0 1050/17 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
5. मु0अ0सं0 534/20 धारा 392/411 भादवि थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद

**बरामदगी-**

02 अवैध चाकू , 01 एम्पलीफायर , 03 परफ्यूम की शीशी,10 जीन्स व 15 शर्ट

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री सतीश कुमार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद
2.उ0नि0 श्री शिवम पवांर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद
3.हे0का0 प्रमोद कुमार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद
4.का0 नरेन्द्र थाना मझोला जनपद मुरादाबाद